# Shri Turiya Shodashi Trailokyavijayakavacham and Stotram

# श्रीतुरीयाषोडशीत्रैलोक्यविजयकवचं स्तोत्रम् च

## Document Information

Text title : turIyAShoDashItrailokyavijayakavachastotram

File name : turIyAShoDashItrailokyavijayakavachastotram.itx

Category : devii, dashamahAvidyA, kavacha, devI

Location : doc_devii

Transliterated by : Vandana Visweswariah Rudrapatna vandana.rv gmail.com

Proofread by : Vandana Visweswariah Rudrapatna, NA

Latest update : March 27, 2019

Send corrections to : sanskrit@cheerful.com

This text is prepared by volunteers and is to be used for personal study and research. The file is not to be copied or reposted without permission, for promotion of any website or individuals or for commercial purpose.

**Please help to maintain respect for volunteer spirit.**

Please note that proofreading is done using Devanagari version and other language/scripts are generated using **sanscript**.

June 8, 2021

*sanskritdocuments.org*

# श्रीतुरीयाषोडशीत्रैलोक्यविजयकवचं स्तोत्रम् च

॥ श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमः ॥

श्रीतुरीयाषोडशीत्रैलोक्यविजयकवचस्तोत्रसाधना
॥ पूर्वपीठिका ॥

कैलासशिखरे रम्ये देवदेवं जगद्गुरुम् ।
शङ्करं परिपप्रच्छ कुमारः शिखिवाहनः ॥ १॥

॥ श्रीस्कन्द उवाच ॥

जनक श्रीगुरो देव पुत्रवात्सल्यवर्धन! ।
कवचं षोडशाक्षर्या वद मे परमेश्वर!॥ २॥

॥ श्रीईश्वर उवच ॥

शृणु पुत्र महाभाग! कवचं मन्त्रविग्रहम् ।
गोप्याद्गोप्यतरं गोप्यं गुह्याद्गुह्यतरं महत् ॥ ३॥

तव स्नेहात् प्रवक्ष्यामि नाख्यातं यस्य कस्यचित् ।
ब्रह्मेशविष्णुशक्रेभ्यो मया न कथितं पुरा ॥ ४॥

देवाग्रे नैव दैत्याग्रे न शौनकगुणाग्रके ।
तव भक्त्या तु कवचं गोप्यं कर्तुं न शक्यते ॥ ५॥

एकादशमहाविद्या सवर्णा सद्गुणान्विता ।
सर्वशक्तिप्रधाना हि कवचं मन्मुखोदितम् ॥ ६॥

गणेशश्च रविर्विष्णुः शिवशक्तिश्च भैरवः ।
पञ्चतत्त्वादिसर्वेषां वर्मावर्तेन तुष्यताम् ॥ ७॥

ऊर्ध्वाम्नायं महामन्त्रं कवचं निर्मितं मया ।
त्रैलोक्यविजयं दिव्यं तुरीयं कवचं शुभम् ॥ ८॥

॥ श्रीस्कन्द उवाच ॥

कवचं परमं देव्याः श्रोतुमिच्छाम्यऽहं प्रभो ।
यत्सूचितं त्वया पूर्वं धर्मकामार्थमोक्षदम् ॥ ९॥

तद्विनाऽऽराधनं नास्ति जपं ध्यानादि कर्मणि ।
तस्याश्च कवचं यस्मात् तस्मात् तद्वद मे प्रभो ॥ १०॥

॥ श्रीईश्वर उवाच ॥

शृणु पुत्र महाप्राज्ञ ! रहस्यातिरहस्यकम् ।
तुरीयं कवचं दिव्यं सर्वमन्त्रमयं शुभम् ॥ ११॥

पूजान्ते तु जपात्पूर्वं कवचं समुदीरयेत् ।
॥ विनियोगः ॥

अस्य श्रीकवचस्यास्य ऋषिरानन्दभैरवः ॥ १२॥

श्रीविद्या देवताश्छन्दो गायत्रीरुचिवृत्तिकम् ।
रमाबीजं पराशक्तिः वाग्भवं कीलकं स्मृतम् ॥ १३॥

मम सर्वार्थसिद्ध्यर्थे जपे तु विनियोगतः ।
॥ करन्यासः ॥

अङ्गुष्ठाग्रे वाग्भवं च हृल्लेखां तर्जनी न्यसेत् ॥ १४॥

लक्ष्मीबीजं मध्यमायामङ्गिराऽनामिका तथा ।
पराबीजं कनिष्ठायां लक्ष्मीं करतले न्यसेत् ॥ १५॥

॥ षडङ्गन्यासः ॥

हृदये वाग्भवं न्यस्यात् परां शिरसि च न्यसेत् ।
लक्ष्मीबीजं शिखायां च कवचे वाग्भवं न्यसेत् ॥ १६॥

हृल्लेखां नेत्रयोर्न्यस्यादस्त्रं तु कमलां न्यसेत् ।
॥ दिग्बन्धनम् ॥

भूर्भुवः स्वरिति मनुना दिग्बन्धनमाचरेत् ॥ १७॥

ध्यानं तस्य प्रवक्ष्यामि धर्मकामार्थमोक्षदम् ।
न्यासध्यानादिकं सर्वं कृत्वा तु कवचं पठेत् ॥ १८॥

॥ ध्यानम् ॥

क्षीरसागरमध्यस्थे रत्नद्वीपे मनोहरे ।
रत्नसिंहासने दिव्ये तत्र देवीं विचिन्तयेत् ॥ १९॥

कोटिसूर्यप्रतीकाशां चन्द्रकोटिनिभाननाम् ।
दाडिमीपुष्पसङ्काशां कुङ्कुमोदरसन्निभाम् ॥ २०॥

जपाकुसुमसङ्काशां त्रिनेत्रां च चतुर्भुजाम् ।
पाशाङ्कुशधरां रम्यामिक्षुचापशरान्विताम् ॥ २१॥

कर्पूरशकलोन्मिश्रताम्बूलपूरिताननाम् ।
सर्वशृङ्गार वेषाढ्यां सर्वावयवशोभिनीम् ॥ २२॥

सर्वायुधसमायुक्तां प्रसन्नवदने क्षणाम् ।
सपरिवारसावरणां सर्वोपचारार्चिताम् ॥ २३॥

एवं ध्यायेत् ततो वीर ! कवचं सर्वकामदम् ।
आवर्तयेत् स्वदेहे तु सर्वरक्षाकरं शुभम् ॥ २४॥

॥ अथ कवचपाठः ॥

शिखायां मे “ह्सौः” “पातु” “शौ” मे पातु ब्रह्मरन्ध्रके ।
सर्वदा “ह्लौं” च मां पातु वामदक्षिणभागयोः ॥ १॥

“ऐं ह्रीं श्रीं” सर्वदा पातु षोडशी सुन्दरी परा ।
“श्रीं ह्रीं क्लीं” सर्वदा पातु “ऐं सौं ॐ” पातु मे सदा ॥ २॥

“ह्रीं श्रीं ऐं” पातु सर्वत्र “क्रौं रं लं ह्रीं” सदा मम ।
“क्लीं हसकहलह्रीं” मे पातु सदा “सौः क्लीं” मम ॥ ३॥

“सौः ऐं क्लीं ह्रीं” श्रिया पातु सबीजा षोडशाक्षरी ।
आपादमस्तकं पातु महात्रिपुरसुन्दरी ॥ ४॥

श्रीजयन्ती मस्तके मां पातु नित्यं विभूतये ।
“ह्रीं” मङ्गला सदा नेत्रे पातु सर्वार्थसिद्धये ॥ ५॥

“क्लीं” कालिका कर्णयुग्मं पातु सर्वशुभावहा ।
“ऐं” भारती घ्राणयुग्मं पातु सर्वजयाप्तये ॥ ६॥

“सौः” कराली मुखं पातु सर्वलोकवशाप्तये ।
“ऐं” शारदा सदा वाचं पातु साहित्यसिद्धये ॥ ७॥

“ॐ” कपालिनी मे कर्णौ पातु सद्ज्ञानसिद्धये ।
“ह्रीं” दुर्गा सहिता पातु स्कन्धदेशौ सदा मम ॥ ८॥

“श्रीं” क्षमसहिता पातु हृदयं मम सर्वदा ।
“ककार”सहिता धात्री पार्श्वयुग्मं सदाऽवतु ॥ ९॥

“एकार”सहिता स्वाहा पातु मे जठरं सदा ।
“ईकार”सहिता नाभिं स्वधा मां सर्वदाऽवतु ॥ १०॥

“लकार”सहिता ब्राह्मी पृष्ठदेशं सदाऽवतु ।
“ह्रीङ्कार”सहमाहेशी कटिं पातु सदा मम ॥ ११॥

“हकार”सहिता गुह्यं कौमारी पातु सर्वदा ।
“सकार”सहिता पातु वैष्णवी गुददेशकम् ॥ १२॥

“ककार”युक्तावाराही ह्यूरुयुग्मं सदाऽवतु ।
“हकार”सहिता जानुयुग्मं माहेन्द्री मेऽवतु ॥ १३॥

“लकार”युक्ता चामुण्डा जङ्घायुग्मं सदाऽवतु ।
“ह्रीङ्कार”सहिता गुल्फयुग्मं लक्ष्मीः सदाऽवतु ॥ १४॥

“सकार”युक्ता मे पादयुग्मेऽव्यात् शिवदूतिका ।
“ककार”सहिता प्राच्यां चण्डा रक्षतु सर्वदा ॥ १५॥

“लकार”सहिताऽऽग्नेयां प्रचण्डा सर्वदाऽवतु ।
“ह्रीङ्कार”सहिता पातु दक्षिणे चण्डनायिका ॥ १६॥

“सौःकार”सहिता चण्डवेगिनी नैर्ऋतेऽवतु ।
“ऐङ्कार”संयुता चण्डप्रकाशा पातु पश्चिमे ॥ १७॥

“क्लीङ्कार”सहिता पातु चण्डिका वायुगोचरे ।
“ह्रीङ्कार”सहिता पातु चामुण्डा चोत्तरे मम ॥ १८॥

“श्रीङ्कार”सहिता रौद्री पायादैशान्यके मम ।
“ऊर्ध्वं” ब्रह्माणी मे रक्षेत् षोडशीसह सर्वदा ॥ १९॥

अधस्ताद्वैष्णवी रक्षेत् पुनः षोडशीसंयुता ।
सर्वाङ्गं सर्वदा पातु सहिता भुवनेश्वरी ॥ २०॥

जले दावानलेऽरण्ये महोत्पाते च सागरे ।

दिवारात्रौ च मे रक्षेद् देवी तारत्रयी मम ॥ २१॥

॥ फलश्रुति ॥

इदं तुरीयासहितं षोडशाक्षरिकात्मकम् ।
अभेद्यं कवचं त्वेदं मन्त्रबीजसमन्वितम् ॥ १॥

योगिनीचक्रसहितं तव प्रीत्या प्रकाशितम् ।
धारयस्व मया दत्तं गोपनीयं सुपुत्रक ॥ २॥

न पुत्राय न शिष्याय बन्धुभ्यो न प्रकाशयेत् ।
इदं त्रिपुरसुन्दर्यास्तुरीयं कवचं शुभम् ॥ ३॥

गोपनीयं प्रयत्नेन मन्त्रवर्णक्रमोदितम् ।
प्रातरारभ्य सायान्तं कर्मवेदान्तमोक्तिकम् ॥ ४॥

तत्फलं समवाप्नोति तुरीयकवचव्रतम् ।
दशधा मातृकान्यासं लघुषोढा ततः परम् ॥ ५॥

शक्तिन्यासं महाषोढां कृत्वा बाह्यान्तरं न्यसेत् ।
श्रीविद्यायां महान्यासं क्रमात् सावर्णतां व्रजेत् ॥ ६॥

पूजान्ते यत्फलं प्राप्तं तत्फलं कवचव्रते ।
सवत्सां दुग्धसहितां साधकः कामधेनुवत् ॥ ७॥

त्रैलोक्यविजयायेदं कवचं परमाद्भुतम् ।
यथा चिन्तामणौ पुत्र ! मनसा परिकल्पिते ॥ ८॥

तत्सर्वं लभते शीघ्रं मम वाक्यान्न संशयः ।
सायुरारोग्यमैश्वर्यं सदा सम्पत्प्रवर्धनम् ॥ ९॥

कवचस्य प्रभावेण त्रैलोक्यविजयी भवेत् ।
अदीक्षिताय न देयं श्रद्धाविरहितात्मने ॥ १०॥

नाख्येयं यस्य कस्यापि कृतघ्नायाततायिने ।
शान्ताय गुरुभक्ताय देयं शुद्धाय साधने ॥ ११॥

अज्ञात्वा कवचं चेदं यो जपेत् परदेवताम् ।
सिद्धिर्न जायते वत्स ! कल्पकोटिशतैरपि ॥ १२॥

स एव च गुरु साक्षात् कवचं यस्तु पुत्रक ।

त्रिसन्ध्यं च पठेन्नित्यमिदं कवचमुत्तमम् ॥ १३॥

निशार्धे जपकाले वा प्रत्यहं यन्त्रमग्रतः ।
जगद्वश्यं भवेच्छीघ्रं नात्र कार्या विचारणा ॥ १४॥

सप्तकोटिमहामन्त्राः सवर्णाः सगुणान्विताः ।
सर्वे प्रसन्नतां यान्ति सत्यं सत्यं न संशयः ॥ १५॥

इति ते कथितं दिव्यं सगुणे भजनक्रमम् ।
निर्गुणं परमं वक्ष्ये तुरीयं कवचं शृणु ॥ १६॥

कवचस्यास्य माहात्म्यं वर्णितुं नैव शक्यते ।
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं श्रीचक्रं समुदीरयेत् ॥ १७॥

देहमध्ये च सर्वस्वं श्रीचक्रं चिन्तयेत् सुत ।
पञ्चविंशतितत्त्वं च अतलं वितलं तथा ॥ १८॥

सुतलं च तलातलं महातलं च पञ्चमम् ।
रसातलं षष्ठं वक्ष्ये सप्तमं पाताललोकम् ॥ १९॥

भूर्भुवः स्वर्लोकमतो महल्लोकजनस्तथा ।
तपश्च सत्यलोकश्च भुवनानि चतुर्दश ॥ २०॥

सर्वं श्रीभुवनं चैव निराकारं विचिन्तयेत् ।
मानसे पूजयेत् ध्यायेज्ज्योतिरूपं सुचिन्मयम् ।
कवचं प्रजपेद् वत्स ! राजराजेश्वरो भवेत् ॥ २१॥

इति परमरहस्यं सर्वमन्त्रार्थसारं
    भजति परमभक्त्या निश्चलं निर्मलत्वम् ।
विलसित भुवि मध्ये पुत्रपौत्राभिवृध्दिं
    धनसकलसमृध्दिं भोगमोक्षप्रदं च ॥ २२॥

॥ इति श्रीचूडामणौ श्रीशिवस्कन्दसंवादे त्रैलोक्यविजयं नाम
श्रीतुरीयाषोडशी श्रीराजराजेश्वरी महात्रिपुरसुन्दरीकवचं सम्पूर्णम् ॥

भगवती षोडशी की आराधना

तव युगचरणों की पूजा करने से त्रिगुणजनित अविलम्ब-
तीनों देवों की पूजा भी, हो जाती है पुरी अम्ब!
क्योंकि निकट मणिपीठ मंजु जो धारण करता चरण त्वदीय

सदा खड़े रहते ये जोड़े, निज मुकुटों पर कर कमनीय ॥

हे शिवे ! तुम्हारे चरणयुगल की पूजा ही सत्त्व, रज और तमोगुणों से सृष्ट तीनों देवों की पूजा है क्योंकि ये उच्च मुकुटवाले (देव) हाथ जोड़े तुम्हारे पाँव रखने की मणियों की बनी चौकि के समीप खड़े हैं ।

॥ श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी को नमस्कार ॥

श्रीतुरीयाषोडशीत्रैलोक्यविजयकवचसाधना हिन्दीरूपान्तर

॥ पूर्वपीठिका ॥

सुरम्य कैलास पर्वत पर देवाधिदेव जगद्गुरु शङ्कर से मयूरवाहन कुमार (कार्त्तिकेय या स्कन्द) ने पूछा ॥ १॥

श्रीस्कन्द ने कहा - हे पिताजी, श्रीगुरुदेव! आप पुत्रप्रेम बढ़ानेवाले हैं । हे परमेश्वर! षोडशाक्षरी (विद्या का) कवच कहिए ॥ २॥

श्रीशिव जी ने कहा - हे पुत्र! मन्त्र-विग्रहात्मक यह कवच गुप्त-से-गुप्त है ॥ ३॥

तुम्हारे प्रति स्नेह से कहता हूँ । जिसतिस से नहीं कहा गया है । ब्रह्मा, ईश, विष्णु और इन्द्र से भी नहीं कहा गया है ॥ ४॥

न तो दैत्यों, न देवताओं और न ही शौनकादि से कहा है, किन्तु तुम्हारी भक्ती-वश इस कवच को गुप्त रखने में समर्थ नहिं हूँ ॥ ५॥

सवर्णा और सद-गुणों से युक्त एकादश महाविद्याओं में प्रधान यह कवच मेरे द्वारा कहा गयां है ॥ ६॥

गणेश, सूर्य, विष्णु, शिव-शक्ति भैरव और सभी पाँचों तत्त्व कवच के आवर्तन (सतत-पाठ) से सन्तुष्ट होते हैं ॥ ७॥

त्रैलोक्य-विजय-दायक यह तुरीय कवच (यहाँ तुरीय शब्द संख्यावाचक न होकर विशेषण के रूप में है) ऊर्ध्वाम्नाय के महामन्त्रों से मेरे द्वरा निर्मित है ॥ ८॥

श्रीस्कन्द ने कहा - धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष देनेवाली देवी का श्रेष्ठ कवच जो आपने पहले सूचित किया है, मैं सुनना चाहता हूँ ॥ ९॥

जिसके बिना आराधना, जप और ध्यानादि कर्म नहीं होते, वह कवच

हे प्रभो! जैसे भी हो, मुझसे कहिए ॥ १०॥

श्रीईश्वर ने कहा - हे महा-प्रज्ञावान् पुत्र !यह दिव्य तुरीय कवच अत्यन्त शुभ और सभी मन्त्रों से युक्त, रहस्य का भी रहस्य (अत्यन्त रहस्य-मय) है ॥ ११॥

पूजन के अन्त में जप के पूर्व कवच पढना चाहिए । इस कवच के ऋषि आनन्द-भैरव हैं ॥ १२॥

गायत्री छन्द है और श्री श्रीविद्या इसकी देवता हैं । “रमा” (श्रीं) इसका बीज है, “परा” (ह्रीं) बीज इसकी शक्ति और “वाग्भव” (ऐं) बीज कीलक है ॥ १३॥

सर्वार्थ-सिध्दि के लिए इसका विनियोग है । अंगुष्ठ में “वाग्भव” (ऐं) तथा तर्जनी में “हृल्लेखा” (ह्रीं) का न्यास करे ॥ १४॥

“लक्ष्मी-बीज” (श्रीं) का मध्यमा में, अङ्गिरा (ऐं) बीज का अनामिका में, “परा-बीज” (ह्रीं) का कनिश्ठिका में और “लक्ष्मी” (श्रीं) का करतल में न्यास करे ॥ १५॥

हृदय में “वाग्भव” (ऐं), शिर में “परा” (ह्रीं) शिखा में “लक्ष्मी” (श्रीं), कवच में वाग्भव (ऐं), नेत्रों में “हृल्लेखा” (ह्रीं) और अस्त्र में “कमला” (श्रीं) का न्यास करे । “भूर्भुवः स्वः” से दिग्-बन्धन करे । न्यास, ध्यान आदि करके ही कवच का पाठ करना चाहिए । धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष-दायक ध्यान कहता हूँ ॥ १६-१८॥

क्षीर-सागर के मध्य में मनोहर रत्न-द्वीप में स्थित रत्न-सिंहासन पर देवी का चिन्तन (ध्यान) करे ॥ १९॥

वे करोड़ों सूर्यों के समान प्रकाशमान हैं । करोड़ों चन्द्रमाओं के समान उनका मुख-मण्डल है, वे दाडिम (अनार) पुष्प और कुंकुम के समान रङ्ग की आभा से युक्त हैं ॥ २०॥

जपा-कुसुम (जासौन) के समान उनके तीन नेत्र हैं । पाश, अंकुश, इक्षु-चाप (गन्ने से बना धनुष) और बाणों से युक्त चार भुजाएँ हैं ॥ २१॥

कपूर आदि से सुवासित ताम्बूल से उनका मुख भरा है । सब प्रकार के शृङ्गार से युक्त उनके सभी अवयव (अङ्ग) अत्यन्त सुन्दर हैं ॥ २२॥

वे सभी आयुधों से युक्त हैं, पूरे परिवार और आवरण-देवताओं से युक्त हैं । प्रसन्नता उनके शरीर और आँखों से झलकती है ॥ २३॥

हे वीर! इस प्रकार ध्यान करके समस्त कामनाओं के दाता और सब प्रकार से रक्षा करनेवाले शुभ कवच से अपनी देह को ढाँके (रक्षा करे)॥ २४॥

॥ कवच-स्तोत्र-पाठ ॥

मेरी शिखा की रक्षा "ह्सौः" और ब्रह्म-रन्ध्र की रक्षा
"शौ" करें । मेरे बाँएँ और दाहिने भाग की रक्षा सदा
"ह्रौं" करें ॥ १॥

"ऐं ह्रीं श्रीं" षोडशी सुन्दरी परा सदा रक्षा करें ।
"श्रीं ह्रीं क्लीं" सर्वदा रक्षा करें, "ऐं सौः ॐ"
सदा मेरी रक्षा करें ॥ २॥

"ह्रीं श्रीं ऐं" सब जगह और "क्रौं रं लं
ह्रीं" सदा मेरी रक्षा करें । "क्लीं ह-स-क-ल-ह्रीं"
और "सौः क्लीं" सदा मेरी रक्षा करें ॥ ३॥

"सौः ऐं क्लीं ह्रीं" बीज-युक्त षोडशाक्षरी लक्ष्मी
मेरी रक्षा करें । आपाद-मस्तक (सिर से पैरों तक) महा-त्रिपुर-सुन्दरी
रक्षा करें ॥ ४॥

सदा विभूति के लिए श्रीजयन्ती मेरे मस्तक की रक्षा करें ।
सर्वार्थ-सिद्धि के लिए "ह्रीं" मङ्गला सदा मेरे नेत्रों की
रक्षा करें ॥ ५॥

सर्व-शुभावहा "क्लीं" कालिका दोनों कानों की रक्षा करें ।
सर्व-विध जय-प्राप्ति के लिए "ऐं" भारती घ्राण-युग्म
(नासा-पुट-द्वय) की रक्षा करें ॥ ६॥

सर्व-लोक-वशीकरण के लिए "सौः" कराली मुख की रक्षा करें ।
साहित्य-सिद्धि के लिए "ऐं" शारदा सदा वाचा (वाणी) की रक्षा
करें ॥ ७॥

सद्-गायन की सिद्धि के लिए "ॐ" कपालिनी मेरे कानों की रक्षा
करें । दुर्गा के साथ "ह्रीं" मेरे स्कन्ध "कन्धे"
की सदा रक्षा करें ॥ ८॥

क्षमा-सहित "श्रीं" सर्वदा मेरे हृदय की रक्षा करें ।
ककार-सहित धात्री  मेरे दोनों पार्श्वों की रक्षा करें ॥ ९॥

एकार-सहित "स्वाहा" मेरे जठर (पेट) की रक्षा करें ।
ईकार-सहित "स्वधा" सर्वदा मेरी नाभी की रक्षा करें ॥ १०॥

लकार-सहित ब्राह्मी सदा पृष्ठ-देश की रक्षा करें ।
"ह्रीं" कार-सहित माहेशी सदा मेरी कमर की रक्षा करें ॥ ११॥

हकार-सहित कौमारी सर्वदा गुह्य-स्थान की रक्षा करें । सकार-सहित
वैष्णवी गुद-देश की रक्षा करें ॥ १२॥

ककार-सहित वाराही सदा उरु-द्वय की रक्षा करें । हकार-सहित माहेन्द्री
जानु-द्वय की रक्षा करें ॥ १३॥

लकार-सहित चामुण्डा दोनों जंघाओ की सदा रक्षा करें । ह्रींकार-सहित
लक्ष्मी (महा-लक्ष्मी) गुल्फ-द्वय की रक्षा करें ॥ १४॥

सकार-सहित शिव-दूती दोनों पैरों की रक्षा करें । ककार-सहित
चण्डा सदा पूर्व दिशा में रक्षा करें ॥ १५॥

लकार-सहित प्रचण्डा सर्वदा आग्नेय दिशा में रक्षा करें ।
ह्रींकार-सहित चण्ड-नयिका दक्षिण दिशा में रक्षा करें ॥ १६॥

सौः-कार-सहित चण्ड-वेगिनी नैर्ऋत्य दिशा में रक्षा करें ।
ऐंकार-सहित चण्ड-प्रकाशा पश्चिम दिशा में रक्षा करें ॥ १७॥

क्लींकार-सहित चण्डिका वायव्य दिशा में रक्षा करें । ह्रींकार-सहित
चामुण्ड़ा उत्तर-दिशा में रक्षा करें ॥ १८॥

श्रींकार-सहित रौद्री ईशान-दिशा में मेरी रक्षा करें । षोडशी के
साथ ब्रह्माणी ऊर्ध्व -दिशा में रक्षा करें ॥ १९॥

षोडशीके साथ वैष्णवी अधो-दिशा में रक्षा करें । सर्वाङ्ग की
सर्वदा रक्ष षोडशी-सहित भुवनेश्वरी करें ॥ २०॥

जल में, दावानल में, जङ्गल में, महोत्पात में, समुद्र में
दिन-रात तार-त्रयी में ("ऐं ह्रीं श्रीं"-स्वरूपा)
देवी मेरी रक्षा करें ॥ २१॥

॥ फल-श्रुति ॥

यह तुरीया-कवच षोडशाक्षर-मन्त्र के बीजों से निर्मित और अभेद्य है ॥ १॥

योगिनी-चक्र-सहित इसे तुम्हारी प्रीति-वश प्रकाशित किया है । हे सुपुत्र! मेरे द्वारा दिए गए इस गोपनीय कवच को धारण करो ॥ २॥

श्रीत्रिपुर-सुन्दरी का यह तुरीय-कवच पुत्र, शिष्य और बन्धु आदि को भी नहीं बताना चाहिए ॥ ३॥

मन्त्र-वर्णों के क्रम में कहा गया यह कवच प्रयत्न-पूर्वक गुप्त रखे । प्रातः-काल से सन्ध्या-काल तक के कर्म वैदिक कहे गए हैं ॥ ४॥

इनके समान फल तुरीय-कवच के व्रत से मिलता है । दस प्रकार के मातृका-न्यास लघु-षोढा-न्यास ॥ ५॥

शक्ति-न्यास तथा महा-षोढा-न्यास बाह्या और अन्तर में करे । श्रीश्रीविद्या के महा-न्यास से क्रमानुसार सावर्णता मिलती है ॥ ६॥

इन न्यासों-सहित पूजन से जो फल मिलता है, वह कवच-व्रत (पाठ) से ही मिल जाता है । साधक बछडे और दुग्ध-दायी काम-धेनु के समान हो जाता है ॥ ७॥

यह त्रैलोक्य-विजय कवच परम अद्भुत है । जिस प्रकार हे पुत्र! मन-चाही वस्तु सोचते ही चिन्ता-मणि उसे प्रदान करती है ॥ ८॥

उसी प्रकार इससे भी शीघ्र ही कामना-पूर्ति होती है यह मेरा कथन संशय-हीन है । आयु, ऐश्वर्य और सदा सम्पत्ति की वृद्धि के साथ, कवच के प्रभाव से साधक त्रिलोक्य-विजयी होता है । अदीक्षित और श्रद्धा से हीन मनवाले व्यक्ति को यह कवच नहीं देना चाहिए ॥ ९-१०॥

न ही कृतघ्न और आत-तायी (अत्याचारी) आदि जिस-तिस से इसे कहना चाहिए ।
शान्त, गुरु-भक्त, शुद्ध और साधु को ही देना चाहिए ॥ ११॥

इस कवच को बिना जाने जो पर-देवता का मन्त्र जपता है, उसे हे वत्स! सैकडों करोड कल्पों में भी सिद्धि नहिं मिलती ॥ १२॥

हे पुत्र! जो तीनों सन्ध्याओं में इस उत्तम कवच का नित्य पाठ करता है, वह साक्षात् गुरु है ॥ १३॥

अर्ध-रात्रि में, जप-काल में, प्रति-दिन यन्त्र-राज के आगे जो इसका पाठ करता है, वह सारे संसार को शीघ्र ही वश में कर लेता है, इसमें संशय नहीं ॥ १४॥

उत्तम वर्ण और गुणों से युक्त सात करोड़ महा-मन्त्र (इसके पाठ से) प्रसन्न हो जाते हैं । यह सत्य है, इसमें संशय नहीं ॥ १५॥

कवच का यह सगुण भजन-क्रम है । अब इसका निर्गुण-क्रम सुनों-॥

१६॥

इस कवच का माहात्म्य वर्णित करने में मैं समर्थ नहीं हूँ । मूलाधार से ब्रह्म-रन्ध्र तक श्रीचक्र कहा गया है अर्थात्, मूलाधार से ब्रह्म-रन्ध्र पर्यन्त करे ॥ १७॥

शरीर के मध्य में समस्त श्रीचक्र का चिन्तन करे । पच्चीस तत्त्वों तथा अतल, वीतल, सुतल, तलातल, महा-तल, रसातल और सातवाँ पाताल-लोक ॥ १८-१९॥

भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्य-लोक-ये चौदह भुवन ॥ २०॥

इन सभी के साथ श्रीभुवन को भी निराकार ध्यान करके चिन्मय-ज्योति-स्वरूपिणी देवता का मानसिक पूजन करके कवच का पाठ कर्ता हे वत्स ! राज-राजेश्वर होता है ॥ २१॥

यह सभी मन्त्रों का सार परम रहस्य-मय है । जो परम भक्ति से निश्चल (दृढ) और निर्मल मन से इस (कवच) का भजन करता है, वह इस लोक में पुत्र-पौत्रादि की वृद्धि, सभी प्रकार की धन-सम्पत्ति-युक्त पाकर क्रीड़ा (जीवन-यापन) करता है और भोग-मोक्ष को पाता है ॥ २२॥

इति ।

Encoded and proofread by Vandana Visweswariah Rudrapatna vandana.rv gmail.com. NA

*Shri Turiya Shodashi Trailokyavijayakavacham and Stotram*

pdf was typeset on June 8, 2021

Please send corrections to *sanskrit@cheerful.com*